## एक नजर में

### दर्पण पोर्टल से भुगतान सहित पेयजल सप्लाई को सुचारू संचालान का दिया प्रशिक्षण

**रतलाम।** म.प्र. जल निगम द्वारा क्रियान्वित गुणावद समूह जल प्रदाय योजना-ब्लाक रतलाम मे सम्मिलित ग्रामों के सरपंच/सचिव/वाल्व ऑपरेटर का प्रशिक्षण, श्री निर्देशक शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित मंगलवार को किया गया। प्रबंधक जनसहभागिता एवं एसक्यूसी टीम द्वारा पंचायत/वाल्व ऑपरेटर के दायित्व, जल प्रभार, पंचायत दर्पण पोर्टल से भुगतान सहित पेयजल सप्लाई के सुचारू संचालान के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

### कराड़िया में तिरंगा रैली आयोजित

**रतलाम।** ग्राम पंचायत कराड़िया जनपद पंचायत आलोट में आज सरपंच पप्पूसिंह राठौर एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि करण सिंह राठौर के नेतृत्व में तिरंगा रैली आयोजित की गई। भव्य तिरंगा रैली देश भक्ति गीतों के साथ निकाली गई। हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से तिरंगा रैली, मैराथन दौड़ एवं मानव श्रृंखला निर्माण गतिविधि का आयोजन भी किया गया।

### शहर में आज को तिरंगा यात्रा का आयोजन

**रतलाम।** इस वर्ष 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान 8 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। रतलाम शहर में 13 अगस्त को प्रात: 11 बजे से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा लोकेंद्र सिनेमा परिसर से प्रारंभ होकर, सैलाना बस स्टैंड चौराहा, गायत्री सिनेमा, शहीद चौक, हरदेवलाल की पिपली, लौहार रोड़, रानी जी का मंदिर, शहीद चौक से होते हुए लोकेंद्र सिनेमा परिसर पर समाप्त होगी।

### मानव श्रृंखला, दौड़ एवं रैली आयोजित कर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का दिया जा रहा संदेश

**रतलाम।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्कूली बच्चों एवं आमजन द्वारा तिरंगा यात्रा/रैली, मानव श्रृंखला दौड़, लेखन आदि के माध्यम से लोगों को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के लिए संदेश दिया जा रहा है। आज जिले के ग्राम मोयाखेड़ा जनपद पंचायत जावरा में स्कूली बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला एवं दौड़ का आयोजन किया गया। ग्राम सरवन में तिरंगा रैली आयोजित की गई। ग्राम पंचायत रौला में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायत हिंगोरिया धांधू में तिरंगा बाइक रैली आयोजित की गई एवं आमजन को अपने घर तिरंगा लगाने तथा स्वच्छता रखने का संदेश दिया गया।

### हरी को पाने के लिये हीरे का त्याग करना ही पड़ेगा - डॉ कमलप्रज्ञा मसा

**रतलाम।** मालव केसरी श्री सौभाग्यमल जी मसा के सुशिष्य, श्रमण संघीय प्रवर्तक श्री प्रकाशमुनिजी मसा के आज्ञानुवर्तिनी पंडित रत्न मालव भूषण श्री महेन्द्र मुनि जी मसा के देवलोक गमन पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीमचौक द्वारा गुणानुवाद सभा का आयोजन रखा गया, जिसमें महासाध्वी डॉ संयमलता जी मसा ने 04 लोगस्स का काउसग्ग करवाया, संघरत्न इंदरमल जैन, महेंद्र बोथरा, अजय खमेसरा एवं विनोद बाफना ने भी म.सा. के प्रति आदरांजली अर्पित की, ततपश्चात मसा ने माँगलिक फरमाइ। इस अवसर पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए महासाध्वी डॉ संयमलताजी मसा ने परिग्रह के बारे में बताया की जितना हम छोडना चाहते है उतनी ही इच्छा बढ़ती जाती है। परिग्रह भी 02 प्रकार के होते है। सचित परिग्रह और, अचित परिग्रह, सचित परिग्रह में दास-दासी, नौकर-चाकर, पशु-पक्षी आदि का परिग्रह होता है और अचित परिग्रह में धन-दौलत, जमीन-भवन, सोना-चाँदी, हीरे-जवाहरात आदि का परिग्रह होता है। इच्छा का ना कोई ओर है न कोई छोर है। उपासंगदासांग सूत्र में 10 श्रावको का वर्णन आता है, जिन्होंने अपने परिग्रह का त्याग किया। जब इच्छाओ का अतिक्रमण बढ़ जाता है तब युद्ध होते है, भाई-भाई मे जमीन जायदाद के झगडे कोर्ट में चले जाते हैं। डॉ कमालप्रज्ञा मसा ने सुख विपाक सुत्र के अंतर्गत सुबाहु कुमार के चारित्र पर उदबोधन दिया साथ ही मसा ने 04 जादुई शब्द पहला कुछ दूसरा कुछ कुछ तीसरा बहुत कुछ और चौथा सब कुछ के बारे में बताया की ये केवल 04 शब्द नही चार धाम की यात्रा का सार है। कुछ लोगो ने कुछ कुछ पाया है, कुछ लोगो ने कुछ कुछ पाया है, कुछ लोगो ने बहुत कुछ पाया है, लेकिन पूरे ब्रहमांड मे ऐसा कोई व्यक्ति नही मिलेगा जिसने सब कुछ पा लिया हो। सोने में बहुत कुछ है सोना बहुमूल्य है, सोने में आकर्षण है, सोने में चमक है, लेकिन सोने में सुगंध नहीं है।

### स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस रहेगा

**रतलाम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राजेश बाथम द्वारा प्रशासकीय तथा लोक हित में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संपूर्ण दिवस के लिए संपूर्ण रतलाम जिले के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस पर संपूर्ण जिले में मदिरा विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क दिवस की अवधि में जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकान और उनसे संलग्न गोदाम मध्य भांडागार एवं वायनरी वाइन आउटलेट एफएल-2 रेस्तरां/एफएल-3 होटल बार को पूर्णता बंद रखा जाएगा। मदिरा के व्यक्तिगत भंडारण पर तथा गैर लाइसेंस प्राप्त परिसर में मदिरा के भंडारण पर सख्ती से रोक रहेगी। किसी भी अधिकृत अनाधिकृत स्थान से मदिरा का क्रय विक्रय और अवैध परिवहन नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

### झंडा विक्रय वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**रतलाम।** इस वर्ष 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 8 अगस्त से 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान चलाया जा रहा है। आज कलेक्टर कार्यालय परिसर में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव एवं सीईओ जनपद पंचायत निर्देशक शर्मा द्वारा झंडा विक्रय वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विभागों के जिला अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय के शासकीय सेवक भी उपस्थित थे। वाहनों द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के संबंध में जिंगल्स के माध्यम से भी शहर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इच्छुक नागरिक वाहनों से झंडा क्रय कर सकते हैं।

## पुलिस ने निकाली तिरंगा बाईक रैली



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने एवं हर घर तिरंगा अभियान को

- आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पुलिस का आयोजन
- कंट्रोल रूम से शुरू हुई बाईक रैली

प्रोत्साहित करने हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक रतलाम राकेश खाखा के मार्गदर्शन में रतलाम शहर एवं जावरा शहर में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया।

रतलाम शहर में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नवीन पुलिस कंट्रोल रूम से किया गया। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुलिस लाइन रतलाम में संपन्न हुई।

यात्रा में नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) आनंद स्वरूप सोनी, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, डीएसपी अनिशा जैन, रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन रतलाम मोहन भर्रावत, थाना प्रभारी डीडी नगर मनीष डावर, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र रतलाम श्रीमति गायत्री सोनी, थाना प्रभारी स्टेशन रोड स्वराज डाबी, थाना प्रभारी माणक चौक अनुराग यादव एवं थाना प्रभारी यातायात श्रीमति नीलम चौंगड़, सूबेदार श्रीमति मोनिका ठाकुर सहित शहर के सभी थानों का स्टाफ, पुलिस लाइन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस बल ने भाग लिया।

**राष्ट्रीय ध्वज सम्मान का दिया संदेश**

आयोजित इन तिरंगा यात्राओं के माध्यम से नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश दिया गया। रतलाम पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आगामी 15 अगस्त को अपने घर, प्रतिष्ठान एवं संस्थानों पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति में सहभागिता करें।

## योजना का लाभ दिलाने से लेकर जमीन कब्जे के लिए जनसुनवाई में आए आवेदन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये।

**जनसुनवाई में 46 आवेदन पर हुई सुनवाई**

जनसुनवाई में 46 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में आवेदक ईश्वरलाल पिता रतनलाल निवासी धमोत्तर तहसील रतलाम ने बताया कि मेरे पिताजी के पास कृषि भूमि में से मुझे मेरा हिस्सा नहीं दिया जा रहा है उक्त प्रकरण के निराकरण के लिए तहसीलदार रतलाम को निर्देशित किया गया। आवेदक श्री रामलाल ग्राम दूधिया तहसील आलोट ने आवेदन देकर अपनी जमीन पर कब्जा दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया। निराकरण हेतु तहसीलदार आलोट को निर्देशित किया गया। रतलाम के खटीक मोहल्ला निवासी ललीता बाई पति भारत ने आवेदन देकर कहा कि पुत्र और मेरी बहु आए दिन मेरे साथ मारपीट और गालीगलौज कर मुझे अपने घर से निकाल देते है व मुझे परेशान करते है। निराकरण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। ग्राम चिकलाना के प्रार्थी राजेन्द्र सिंह पिता सज्जन सिंह ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम चिकलाना में मुझे मेरी निजी भूमि पर बालाराम पिता दलाब द्वारा मकान निर्माण नहीं करने दिया जा रहा है। आवेदक मइला खराड़ी पिता सेवला जाति भील निवासी ग्राम सेरा तहसील बाजना ने शासन की किसान सम्मान निधि योजना की राशि का भुगतान के लिए कार्यवाही करवाने के लिए आवेदन दिया।

## कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को तिरंगा फहराने और सम्मान को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिलाई शपथ

**रतलाम।** हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को स्वच्छता दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की

**'हर घर तिरंगा' के तहत स्वच्छ्ता अभियान व रैली का आयोजन**

स्वयंसेविकाओं एवं छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय में स्थित विद्यावन की सफाई के साथ-साथ परिसर में भी स्वच्छता की गई। हर घर तिरंगा का यह कार्यक्रम दिनांक 11 से 14 अगस्त तक मनाया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति शर्मा एवं रीतिका श्रीवास्तव ने स्वयं सेविकाओं को प्रोत्साहित करते हुए परिसर में स्वच्छता अभियान का आगाज किया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर




हिस्सा लिया।

इस अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. अनामिका सारस्वत ने बताया कि दिनांक 11 से 14 अगस्त तक महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं दीवारों पर तिरंगा प्रेरित कलाओं की सजावट तथा हर घर तिरंगा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। चार दिवस चलने वाले इस कार्यक्रम में अलग-अलग दिन अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। छात्राओं के लिए एक सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया, जहाँ सेल्फी लेकर वे संस्कृति मंत्रालय की साइड पर अपलोड कर सकें। परिसर की स्वच्छता में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी के अलावा सदस्य डॉ, माणिक डांगे, डॉ. मीना सिसौदिया डॉ. स्वर्णलता नागर ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जोशी द्वारा हर घर तिरंगा के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। छात्राओ ने बड़ी संख्या में रैली व मानव श्रृंखला में भाग लिया।

## आपदा नुकसानी पर मुआवजा देने की मांग, किसानों ने सौंपा ज्ञापन



सैलाना। निरंतर बारिश रूपी प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई खरीफ फसल को लेकर चिंतित किसानो ने आपदा नुकसानी पर मुआवजा देने की मांग की है। मंगलवार को करिया गांव के किसानो ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन दिया है। एसडीएम मनीष जैन की अनुपस्थिति मे यह ज्ञापन रीडर रवी अवाना को दिया गया। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया की क्षेत्र की प्रमुख खरीफ फसल निरंतर बारिश से खराब हो गई पुन:दोबारा बीज का बंदोबस्त कर बुआई की गई बावजूद अंकुरण नहीं होने से किसान खेत की हंकाई करने को मजबूर है। आपदा से हुई नुकसानी का मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन के दौरान करिया गांव के साथ सैलाना के किसान भी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब रतलाम समर्पण ने हनुमान ताल पर किया पोधारोपण

रतलाम। लायंस क्लब रतलाम समर्पण द्वारा हनुमान ताल बगीचे में पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह सेवा कार्य लायन कुसुम चाहर के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिसमें 50 फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीपल, जामफल, चीकू, सीताफल, कटहल, केला, जामुन सहित विभिन्न औषधीय पौधे लगाए गए।



सभी उपस्थित महिलाओं ने इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष डॉ. श्वेता विनचुरकर, सचिव रीता दीक्षित, कोषाध्यक्ष कविता व्यास, छवि नीलिमा सिंह, कुसुम चाहर, किरण ओझा, भारती उपाध्याय, प्रेमलता जैन उपस्थित रहीं।

## दो बार बोवनी के बावजूद प्राकृतिक आपदा और मानसून अनियमितता से फसलें नष्ट

**सैलाना।** रतलाम जिले के सैलाना क्षेत्र के किसानों ने इस वर्ष दो बार बोवनी की, लेकिन प्राकृतिक आपदा और मानसून

**विधायक डोडियार ने पत्र लिख की किसानों के लिए मुआवजे की मांग**

की अनियमितता के कारण दोनों ही बार फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

क्षेत्र के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और जिला कलेक्टर राजेश बाथम को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों की तत्काल सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने और खराब हुई फसलों के लिए शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

किसानों की फसलें अतिवृष्टि और मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से चौपट हो गई हैं। वर्तमान स्थिति में किसानों की फसलें इतनी खराब हो चुकी हैं कि उनसे लागत भी



निकलना संभव नहीं है। यह परिस्थिति क्षेत्र के किसानों के लिए दोहरी मार और गंभीर आर्थिक संकट का कारण बन गई है।

विधायक कमलेश्वर डोडियार ने पत्र में मांग की है कि प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाए और उन्हें ऋण माफी और बीज एवं खाद में विशेष सहायता दी जाए। इससे किसानों को अपनी फसलें फिर से शुरू करने में मदद मिलेगी और वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकेंगे।

## पुलिस ने फोरलेन हाइवे से पर पिकअप वाहन से 192 पेटी अवैध शराब पकड़ी

**रतलाम।** जिले की पुलिस को अवैध शराब की तस्करी के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। नामली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन हाइवे स्थित बडोदा फन्टा पर पिकअप वाहन से अवैध शराब की 192 पेटी को पुलिस ने जप्त किया है। तस्करी के आरोपी ड्राइवर और साथी मोके से फरार हो गए। पुलिस दोनों आरोपी की तलाश में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नामली थाना पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली की बडोदा फन्टा फोरलेन अवैध शराब की तस्करी हो रही है। मुखबिर की सुचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अति.पुलिस राकेश खाखा तथा अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग ग्रामीण किशोर कुमार पाटनवाला के मार्गदर्शन में थाना नामली से उप निरीक्षक कन्हैया अवास्या के नेतृत्व में टीम गठीत हुई।

गठीत टीम ने फोरलेन स्थित बड़ोदा फन्टा पर गश्त एवं चैकिंग



के दौरान अवैध शराब के परिवहन कर रहे एक सफेद रंग की पीकअप वाहन क्रमांक जीज 01केटी3994 गाडी को रोका तो गाड़ी के ड्राइवर और साथी मौके से फरार हो गए।

जप्त गाड़ी की तलाशी लेने पर 165 खाखी रंग की पेटी में माउंट 6000 कंपनी की टीन बियर 1980 बल्क लीटर किमती 4,55,400 रुपये तथा 27 खाखी रंग की पेटी में बेगपाईपर व्हिस्की क्वार्टर अंग्रेजी शराब 233 बल्क लीटर किमती 2,20,300 रुपये कुल 2213 लीटर किमती 6,75,700 रुपये व एक सफेद रंग की महिन्द्रा कम्पनी का पीकअप किमती 5,00,000 रुपये कुल कीमती 11,75,700 रुपये जप्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध 342/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिन्द्रा पीकअप के अज्ञात चालक व साथी की तलाश की जा रही है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

शराब की गाडी पकड़ने में उनि कन्हैया अवास्या, उनि कमल कुमार पटेल, सउनि राजेन्द्र जगताप, प्रआर. कांतिलाल औहरिया, आर. अंतिम चौहान, स्नेहपालसिंह, अविनाश यादव, शांतिलाल, पुलिस थाना नामली एवं सायबर सेल रतलाम की सराहनीय भूमिका रही।

**जब्त सामग्री :** 165 खाखी रंग की पेटी में माउंट 6000 कंपनी की टीन बियर 1980 बल्क लीटर किमती 4,55,400 रुपये। 27 खाखी रंग की पेटी में बेगपाईपर व्हिस्की क्वार्टर अंग्रेजी शराब 233 बल्क लीटर किमती 2,20,300 रुपये। ( कुल अवैध शराब 2213 लीटर किमती 6,75,700 रुपये ) एक सफेद रंग की महिन्द्रा कम्पनी का पीकअप वाहन क्रमांक किमती 5,00,000 रुपये कुल कीमती 11,75,700 रुपये।

## जावरा में विधायक के नेतृत्व में निकली यात्रा का जमकर हुआ स्वागत



**जावरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आव्हान पर जिले मे मंगलवार को आलोट से प्रारंभ हुई तिरंगा वाहन यात्रा का जगह-जगह स्वागत हो रहा है। यात्रा जब तालनाका पहुची तो यात्रा का जमकर स्वागत किया गया। खुली जिप मे विधायक डा. राजेंद्र पाण्डे, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन सवार थे। यात्रा ताल नाका से सीटी क्षेत्र मे भ्रमण के बाद चौपाटी तरफ पहुची तो जगह-जगह स्वागत हुआ। यहा से यात्रा अयाना, पिपलौदा, शेरपुर, आंबा होते हुए सैलाना मे रात्री विश्राम हुआ। जावरा मे निकली यात्रा मे भाजपा प्रदेश कार्य समिती केकेसिंह कालुखेडा, पुव जिलाध्यक्ष कानसिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, धरमचंद्र चपडोद, देवेंद्र भटनागर, प्रांजल पाण्डे, सुखेडा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन, डा. लक्ष्मीनारायण पांचाल, सुभाष टुकडिया, गोरव सोनी, चंद्रप्रकाश सौलंकी आदि सहित कार्यकर्ता मोजुद थे।

## हर गंदी समझी जाने वाली वस्तु गंदी ही हो ये आवश्यक नही : डॉ अमृतरसाश्रीजी



**जावरा।** परमात्मा ने हमे आंखे तो दी पर हम उससे देखकर जो समझते है वो जरूरी नहीं सही ही हो हर गंदी समझी जाने वाली वस्तु गंदी ही हो ये आवश्यक नहीं, हम उसके बारे में जैसी धारणा बनाते है हमारी सोच वैसी ही हो जाती है और वह हमे वैसी ही दिखाई देती है। हम सदैव अच्छे विचारों से अच्छी नजरों से किसी भी वस्तु या दृश्य को देखना चाहिए। जिस तरह कहा गया कि जैसा खाए अन्न वैसा होय मन, ठीक इसी तरह ज्ञानी भगवंतों ने कहा है कि जैसा देखे नैन वैसा सोचे मन, हमे सदैव हर किसी वस्तु या दृश्य को सकारात्मकता से ही देखना चाहिए। जैसी नजर वैसी कदर, आपकी नजर आपके मन का आईना होती है। यह उद्गार साध्वी भगवंत डॉ अमृतरसाश्रीजी ने पंचायती नोहरे पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया कि सिद्धि तप तस्वीयो की तपस्या निमित सात उपवास की लड़ी प्रारंभ हुई। प्रथम दिवस पर सभी तपस्वियों पर अमृत रूपी गुलाब जल की वर्षा लाभार्थी प्रवीण, यश मोदी परिवार के सौजन्य से हुई। संपूर्ण कार्यक्रम में संगीतकार आशीष जैन एवं शशि सिसोदिया ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रीसंघ का मन मोह लिया, अगले सातों दिवस प्रतिदिन तपस्वियों की तपस्या निमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें आज लाभार्थी कमलाबाई पारसमल, रितेश कुमार चपड़ोद के सौजन्य से तपस्वियों का चंदन से विलेपन किया जाएगा।


नव भारत



डॉ. संजय उपाध्याय
ब्यूरो चीफ
कार्यालय: गांधी नगर, रतलाम
मो. 90092 83121
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
E-mail : navbharat.ratlam@gmail.com